वन उत्पादकता संस्थान, रांची

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2020

## 27 अक्टूबर, 2020 से 2 नवम्बर, 2020

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 27 अक्टूबर, 2020 से 2 नवम्बर, 2020 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत 27 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाकर की गई ।

इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के विषय "सतर्क भारत – समृद्ध भारत" के अन्तर्गत

संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों ने एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान में चित्रांकन द्वारा भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों को दर्शाने के अलावा क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 02.11.2020 को संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ0 अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकडों को दर्शाते हुए उनसे उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अनुरोध किये।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी साथ ही विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी एवं सफलताओं पर बधाई दी। जीवन में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाने पर भी बल दिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक ने प्रतिभागियों को वेबिनार मे प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ0 योगेष्वर मिश्रा, डॉ0 शरद तिवारी, श्री संजीव कुमार, श्री आदित्य कुमार श्रीमति रूबी सुसाना कुजूर एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभायी।

प्रतियोगिताओं का परिणाम

**चित्रांकन प्रतियोगिता** : प्रथम – प्रतिष्ठा मुखर्जी, द्वितीय – कुमारी शैलजा,
तृतीय – प्रकृति रानी एवं रिया रंजन और सांत्वना पुरस्कार – मास्टर आदित्य करम

**क्वीज प्रतियोगिता** :

प्रथम – ग्रुप घ – श्री सूरज कुमार, श्री मनीष कुमार, श्रीमति किरण दास, श्री हर्ष मोहन राठौर, श्री जितु तिर्कि एवं रूनम कुमारी

द्वतीय – ग्रुप ख – श्री प्रदीप कु. गुप्ता, श्री राम कु. महतो, सुश्री ज्योत्सना प्रिया, श्री अरबिन्द कु. सिंह, श्री ब्रज गोपाल घोष एवं श्री सुभाष प्रसाद ।



शपथ ग्रहण समारोह




निर्णायक मण्डली द्वारा चित्रों का मूल्यांकन




प्रतिभागियों की चित्र प्रस्तुति




क्विज प्रतियोगिता के संचालकगन




क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागी

विजेताओं के चित्र का प्रदर्शन




क्विज प्रतियोगिता के विजेता




क्विज प्रतियोगिता के उप- विजेता




सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह


सतर्कता जागरूकता सप्ताह


सतर्कता जागरूकता सप्ताह

# वेबिनार द्वारा समापन  समारोह












# वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 के अवलोकन पर मीडिया कवरेज

रांची आसपास | देशप्राण | मंगलवार, रांची, 3 नवम्बर, 2020 | 5

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

## कर्मियों ने पारदर्शिता की ली शपथ



सतर्कता सप्ताह का समापन समारोह में उपस्थित लोग।

देशप्राण संवाददाता

**पिस्का नगड़ी, 2 नवंबर :** वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत 27 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाये रखने की शपथ दिलाकर की गयी।

इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के विषय 'सतर्क भारत समृद्ध भारत' अंतर्गत संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों ने एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान में चित्रांकन द्वारा भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों को दशार्ने के अलावे क्विज का भी आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकडों को दशार्ते हुए उनसे उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अनुरोध किये। वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी। साथ ही विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी एवं सफलताओं पर बधाई दी।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक प्रतिभागियों को वेबिनार द्वारा प्रशस्ति-पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. योगेश्वर मिश्रा, डॉ. शरद तिवारी, संजीव कुमार, आदित्य कुमार, रूबी सुसाना कुजूर एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

रांची, मंगलवार 03.11.2020 | प्रभात खबर | 10

## अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार मुक्त माहौल बनायें

**पिस्कानगड़ी.** वन उत्पादकता संस्थान लालगुटवा में 27 अक्तूबर से दो नवंबर 2020 तक सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम चला. सोमवार को समापन कार्यक्रम में सतर्कता अधिकारी डॉ अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकड़ों को दर्शाते हुए उनसे उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी. वन उत्पादकता संस्थान रांची के निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भ्रष्टाचारमुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी. उन्होंने आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी व सफल लोगों को बधाई दी. संस्थान के निदेशक ने प्रतिभागियों को वेबिनार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

अभी मास्क ही वैक्सीन है
दैनिक भास्कर

## वन उत्पादकता संस्थान में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन

भास्कर न्यूज़ | पिस्का नगड़ी



वन उत्पादकता संस्थान, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का सोमवार समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत निदेशक डॉ नितिन कुलकर्णी के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाकर की थी। इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के विषय "सतर्क भारत समृद्ध भारत" अन्तर्गत संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों ने एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान में चित्रांकन द्वारा भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों को दर्शाने के अलावा क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकड़ों को दर्शाते हुए उनसे उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अनुरोध किये। संस्थान के निदेशक प्रतिभागियों को वेबिनार द्वारा प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ योगेश्वर मिश्रा, डॉ शरद तिवारी, संजीव कुमार, आदित्य कुमार, रूबी सुसाना कुजूर एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

..........................................................